हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

10 दस रुपये में मिलेगा शुद्ध भोजन, अटल किसान-मजदूर कैंटीन का शुभारंभ 10

खबर संक्षेप

इसराना क्षेत्र से विवाहिता लापता, मामला दर्ज

पानीपत। थाना इसराना क्षेत्र से एक महिला के लापता हो गई। 33 वर्षीय महिला 17 मार्च को दोपहर कपड़े सिलवाने के लिए घर से निकली थी। इसक बाद से वह लापता है। इधर, परिजनों ने महिला की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। वहीं पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने गुमशुदी का केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

दुकान से 65 हजार रुपये की नकदी चोरी

पानीपत। किला थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र गर्ग निवासी महादेव कॉलोनी की गर्ग आटा चक्की के नाम से मेन गली में दुकान है। दुकान के ऊपर ही मकान है। 17 मार्च की सुबह दो अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़ा और दुकान के गल्ले में रखे 65 हजार रुपये कैश चुरा ले गए।

घर से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

पानीपत। थाना सेक्टर-13-17 के अंतर्गत नीनू नाथ निवासी गांव गढ़सरनाई ने दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च को वह अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। जबकि पत्नी रेखा सनौली अपने मायके गई हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कविन्द्र व जगमिन्द्र ने उनके घर से सोने के जेवरात व 80 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने जगमिन्द्र के पकड लिया है।

बदमाशों ने गोली मारकर बाइक लूटी

पानीपत। गांव बापौली के पास बदमाशों ने देसी पिस्तौल से सिक्योरिटी गार्ड अवनीश निवासी गांव गोयला खुर्द जिला पानीपत को गोली मार कर घायल कर दिया और बदमाश बाइक लूटकर फरार हो गए। वहीं बापौली थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

अवैध असला सप्लाई करने वाले को पकड़ा

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई करने के आरोपी दीपक निवासी गांव सींक जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि दीपक ने सन्नी उर्फ मोनी निवासी शेखपुरा मंचूरी असंध करनाल को अवैध एक देसी पिस्तौल दिया था।

पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को पकड़ा

पानीपत। थाना माडल टाउन पुलिस ने सतकरतार कॉलोनी स्थित प्रिंटिंग प्रेस के संचालक सुरेश निवासी आठ मरला से सोने की चेन व नगदी लुटने के मामले में दो आरोपियों रणजीत निवासी सतकरतार कॉलोनी हाल न्यू क्रांति नगर व अमन निवासी गांव बुड़शाम को गिरफ्तार किया। इस मामले में आठ मरला चौकी में केस दर्ज है।

नौल्था गांव की 50 साल पुरानी मांग पूरी हुई

इसराना। पानीपत के गांव नौल्था में किसानों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का प्रदेश सरकार व रेलवे ने हल कर दिया है। गांव नौल्था में रेलवे लाइन के कारण किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए करीब पांच किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था। ग्रामीणों की 50 साल पुरानी मांग को पूरा करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रेलवे विभाग को अंडरपास बनाने के लिए छह करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। वहीं, प्रदेश में भाजपा सरकार ने प्रोजेक्ट को किसानों के हित में आगे बढ़ाया। मंगलवार को गांव के सरपंच बलराज सिंह जागलान ने अंडरपास के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने भाजपा सरकार, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से कप्तान सिंह जागलान की भूमिका सराहनीय रही।

बाइक की टंकी फटने से बाइक व ट्रक में लगी आग

मिट्टी से भरे डंपर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, महिला की मौत, व्यक्ति घायल

- दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी-बिलासपुर रोड पर गांव रामखेड़ी के नजदीक मंगलवार शाम मिट्टी से भरे डंपर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई जबकि व्यक्ति घायल हो गया। बाइक की टंकी फटने से बाइक व डंपर में आग लग गई। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिला झज्जर निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि भीम नगर यमुनानगर निवासी 45 वर्षीय सुनीता के पति की दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। उसकी सुनीता से इंस्टाग्राम पर जान पहचान हुई थी। नवंबर महीने में दोनों ने शादी कर ली थी और पिछले 15 दिनों से वह यहां सुनीता के साथ रह रहा था।

सुनीता की दो बेटियां एक बेटा है। आज दोपहर को वह सुनीता के साथ मोटरसाइकिल पर कपालमोचन किसी काम से आए थे। जब वह बाइक पर वापस लौट रहे थे तो गांव रामखेड़ी के पास डंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों सड़क पर गिर गए। उनकी बाइक डंपर के टायर के नीचे फंस गई। जिससे बाइक की टंकी फट गई। जिससे बाइक और डंपर में आग लग गई।

यमुनानगर। जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव रामखेड़ी के पास हुए सड़क हादसे के बाद डंपर में लगी आग को बुजाता दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

डंपर चालक पर केस

बिलासपुर थाना के जांच अधिकारी जगदीप मोर ने बताया कि दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक सुरेन्द्र को गंभीर चोटें आई और सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी।

हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। बाद में पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नई ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों का प्रदर्शन

- 28 और 29 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक में होगी हड़ताल : राय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल ऑफिस के सामने ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसोशिएशन के बैनर तले बैंक अधिकारियों ने दूसरी बार नई क्रूर ट्रान्सफर पॉलिसी को वापिस लिए जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसोशिएशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी व कुरुक्षेत्र के सर्कल सेक्रेटरी राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नई क्रूर ट्रान्सफर पॉलिसी जिसमें 6 साल की सर्विस के बाद सर्कल से बाहर व उसके 3 साल बाद जोन के बाहर ट्रांसफर करने का सर्कुलर बैंक द्वारा जारी किया गया है, जिसको लेकर पीएनबी अधिकारी वर्ग में बैंक के एमडी के प्रति बेहद नाराजगी व आक्रोश है।

आंदोलनात्मक कार्यक्रम के बारे में उन्होने जानकारी दी कि 21,27 मार्च को भी भारत वर्ष के पीएनबी के सभी सर्कल ऑफिस जोनल ऑफिस के बाहर और 26 मार्च को प्रधान कार्यालय, दिल्ली के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती तो 28 व 29 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक में हड़ताल होगी।



प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से राज्यपाल ने की शिष्टाचार भेंट

कुरुक्षेत्र। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन की घोषणा की है। यह मिशन आगामी 1 अप्रैल से पूरे देश और गुजरात में लागू किया जाएगा। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुजरात में इस मिशन के कार्यान्वयन की तैयारियों और संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी। इसके अलावा, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के तहत गुजरात के विश्वविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी को लेकर मार्गदर्शक पहलुओं पर भी उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा की। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नशामुक्ति अभियान में विश्वविद्यालयों के छात्रों की सहभागिता पर चर्चा की। इसके साथ ही, आगामी गर्मी के मौसम में बिजली की मांग को संतुलित करने के लिए ऊर्जा बचत अभियान और बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी बातचीत हुई।

बाइक सवार युवक पर लोहे की रॉड से किया जानलेवा हमला

बराड़ा। गांव उगाला में रंजिश के चलते एक युवक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल रोहित (25) की हालत गंभीर बनी हुई है। वह ह पीजीआईएमआर सेक्टर-12, चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी भीम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी अजय कुमार उर्फ मंगू ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च 2025 को उनके ताऊ के लड़के ओमपाल के घर एक समारोह था। इसमें रोहित भी शामिल होने आया था। शाम करीब 8:30 बजे वह और रोहित बाइक से उगाला बाजार से समान लेने गए थे। रोहित बाइक चला रहा था। अजय पीछे बैठा था। उगाला चौक से बुहावा रोड पर बाइक रिपेयर की दुकान के पास मुड़ते समय भीम अचानक लोहे की रॉड लेकर उनकी ओर दौड़ा। उसने बाइक रोक ली। भीम ने रोहित को गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लोहे की रॉड से दो वार किए। तीसरा वार करने से पहले अजय ने उसे रोका और शोर मचाया। इसके बाद भीम रोहित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। रोहित बाइक से गिर गया। अजय ने तुरंत अपने ताऊ के लड़के ओमपाल को फोन किया। परिजनों ने रोहित को निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। हालत बिगड़ने पर उसे पीजीआई सेक्टर-32, चंडीगढ़ ले जाया गया।

- पीजीआई रेफर हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

दो साल पहले पड़ोसी लड़की से शादी करने वाले युवक ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या

- मरने से पहले बनाई वीडियो, पत्नी व सास पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की एकता विहार कॉलोनी में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मरने से पहले अपने फोन में एक वीडियो बनाई। जिसमें उसने अपनी पत्नी व सास पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक ने करीब दो साल पहले अपनी पड़ोस में रहने वाली लड़की से शादी की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

यमुनानगर। फंदे पर लटककर खुदकुशी करने वाले पंतजीत मामले में कार्रवाई करती हुई पुलिस। फोटो : हरिभूमि

एकता विहार कॉलोनी निवासी मृतक की मां जसविंद्र कौर ने बताया कि आज सुबह साढ़े आठ बजे उसने अपने 26 वर्षीय बेटे पतंजीत को काम के लिए जगाने की कोशिश की। मगर कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद छोटे बेटे ने रोशनदान से झांककर देखा तो पंतजीत फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

उसने बताया कि उसके लड़के पंतजीत ने दो साल पहले पड़ोस में रहने वाली नरेंद्र उर्फ निशा से शादी की थी। पंतजीत फव्वारा चौक पर एक हार्डवेयर की दुकान में पिछले 15-20 सालों से काम कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि निशा और उसकी मां सुमनप्रीत लंबे समय से उनके बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। जिस कारण उसके लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

पुलिस मौके पर पहुंची

फंदा लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले की हो रही जांच

मामले की जांच कर रहे फरकपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो की जांच की जा रही है। आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल राइस मिल संचालक पर तीन करोड़ 62 लाख 91 हजार के चावल गबन करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी राइस मिल संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

जिले के सरस्वती नगर स्थित मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल राइस मिल के संचालक राजन अग्रवाल पर 3 करोड़ 62 लाख 91 हजार रुपये के चावल गबन करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हैफेड के मैनेजर शीशपाल गौरी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राजन अग्रवाल का सरस्वती नगर में मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल के नाम से राइस मिल है। उसे 2024 में हैफेड द्वारा 38592 क्विंटल सरकारी धान दी गई थी। जिसके बदले उससे 25856 क्विंटल चावल लेने थे।

मगर इस दौरान राजन अग्रवाल सरकारी धान के पूरे चावल सरकार को वापस नहीं कर पाया। जिस कारण राजन अग्रवाल की तरफ 11249.83 क्विंटल चावल बकाया है। जिनकी कीमत करीब 3 करोड़ 62 लाख 91 हजार रुपये है।

जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा यह चावल गबन कर लिए गए हैं। जिससे सरकार को नुकसान हुआ है। आरोपी राजन अग्रवाल को इस संबंध में कई बार नोटिस देकर चावल की रिकवरी के बारे में लिखा गया मगर आरोपी द्वारा चावल नहीं दिए गए।

इसके बाद आरोपी राजन अग्रवाल के खिलाफ थाना छप्पर पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कनाडा भेजने का झांसा देकर 17.65 लाख रुपये ठगे

पानीपत। थाना मतलौडा पुलिस ने गांव दरियापुर निवासी सुनील कुमार व उरलाना कलां निवासी दीपक की शिकायत पर मोहाली स्थित रुद्राक्ष कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुनील व दीपक का आरोप है कि कंपनी ने उन्हें कनाडा भेजने का झांसा देकर 17.65 लाख रुपए ठग लिए। वहीं, सुनील व दीपक ने थाना मतलौडा को दी शिकायत में बताया कि उनका मोहाली की रुद्राक्ष कंपनी के मालिक राकेश रिखी से संपर्क हुआ। राकेश ने दोनों को करनाडा कनाडा में स्टडी वीजा और दो साल का वर्क परमिट दिलाने का आश्वासन देकर दीपक ने 12 लाख 10 हजार रुपए और सुनील ने 5 लाख 55 हजार रुपए ले लिए थे। इधर, पुलिस ने कंपनी मालिक राकेश रिखी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

युवक की हत्या के मामले में छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस करनाल के थाना सिविल लाइन के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी मॉडल टाउन के अधिकार क्षेत्र सैनी कॉलोनी सेक्टर 12 में 14 मार्च को चाकू मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस चौकी मॉडल टाउन की टीम द्वारा छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस चौकी मॉडल टाउन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा दिनांक 16 मार्च को एक आरोपी अमित निवासी गांव बलडी जिला करनाल को विश्वास ने सूचना के आधार पर गांव बलडी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसको अगले दिन न्यायालय के समक्ष पेश करके 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। आज अन्य आरोपी अनीश पुत्र सुरेंद्र प्रदीप पुत्र महेंद्र व राहुल उर्फ घोड़ा पुत्र प्रवीण कुमार वासीगण गांव बलडी जिला करनाल साहिल उर्फ अमन उर्फ़ रम्बेवाला गांव रंभा जिला करनाल व राजेश पुत्र कीडूराम वासी गांव टपराना जिला करनाल को गांव बलड़ी करनाल के पास से गिरफ्तार किया गया।आरोपियों ने दिनांक 14 मार्च को हिमांशु पुत्र शीशपाल निवासी छपरा खेड़ा की चाकू मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मृतक के पिता की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा नंबर- 104 दिनांक 14 मार्च 2025 धारा 103(1), 115, 118(1), 190, 191(3) के तहत मामला दर्ज किया गया था मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

कार्यक्रम

आर्य समाज का बुबका में चल रहा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन

आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश कर सकता है उन्नति: नाथी

वार्षिक उत्सव के समापन पर हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

- उत्सव में मुख्यतिथि के रुप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एवं महान शिक्षाविद नाथी राम कांबोज ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

आर्य समाज द्वारा गांव बुबका में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन हो गया। समापन अवसर पर वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की मंगल कामना की। वैदिक हवन यज्ञ में सुशील आर्य यजमान के रूप में मौजूद रहे। वेदों के प्रकांड गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज बुबका के प्रधान राजबीर आर्य व आर्य समाज बुबका के संरक्षक सेवाराम आर्य ने की।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित उत्तर प्रदेश के महान शिक्षाविद नाथी राम कांबोज व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ. बलदेव राज कांबोज ने भाग लिया। मौके पर आर्य समाज बूबका की कार्यकारिणी द्वारा आए हुए मुख्यातिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि नाथी राम ने कहा कि आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश उन्नति कर सकता है। आज की युवा पीढ़ी नशे की और बढ़ रही है जो समाज के लिए हानिकारक है। आज के समय में अधिक से अधिक युवाओं को आर्य समाज के संस्कारों से जुड़ना चाहिए। संस्कारों से जुड़कर ही आज के युवा भारतीय संस्कृति को उसकी पुरानी पहचान दिलवा सकते हैं। उन्होंने समाज में मृत्युभोज जैसी बुराई को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा वेदों में कहीं भी मृत्युभोज का उल्लेख नहीं है।

वहीं, डॉ. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि वे देश के शहीदों को नमन करते हैं। उत्सव के समापन पर प्रसिद्ध भजनोपदेशक कुलदीप आर्य बिजनौर ने ईश्वर भक्ति व शहीदों के जीवन चरित्र पर भजन पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

यमुनानगर। गांव बुबका में आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आर्य समाज बूबका के उपप्रधान नोरती राम, मंत्री राम कुमार, कोषाध्यक्ष धर्म चंद, उमेश, बलबीर, अमित कांबोज, प्रदीप चौधरी, नीरज गर्ग, सुभाष जयपुर, मनीष आर्य, राजेश आर्य, पूर्व सरपंच सुनील कुमार, भानू राम साबापुर, गौरव मंधार, राजकुमार, हुकम चंद आर्य व ईश्वर आर्य आदि मौजूद रहे।

विधानसभा बजट सत्र में विधायक जगमोहन आनंद ने उठाई करनाल क्षेत्र की समस्याएं, समय अनुसार और विकास कार्यों की जरूरत बताई

बीपीएल परिवारों की आय बढ़ाकर अढ़ाई लाख रुपये की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कहा कि पिछले 10 सालों में करनाल विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य हुए है, लेकिन परिवर्तन और समय अनुसार और विकास कार्यो की जरूरत है।

विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को प्रदेश सरकार से अनुरोध किया कि पुराने शहर के अंतर्गत आटो-स्कूटर मार्केट और कपड़ा मार्किट शिफ्ट करने की मांग रखी थी जिसमें समय लग रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि इन दोनो मार्किटो को जल्द से जल्द शिफ्ट करवाया जाए। जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल में स्थित आईडीटीआरआई जोकि सरकार द्वारा ड्राइविंग लाईसेंस बनाने के लिए अधिकृत किया गया है, के अधिकारों को तुरंत प्रभाव से समाप्त किया जाए क्योंकि इस केंद्र से करनाल की जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार जिन बी.पी.एल परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपए की गई है जिसको बढ़ाकर अढ़ाई लाख रुपए किया जाए ताकि अधिक से अधिक गरीब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। जिन गरीब परिवारों द्वारा किसी कारणवश आईटीआर भरी गई थी, उनको राहत प्रदान करते हुए उनके लाभ भी जांच उपरांत शुरू किए जाए।

▶▶ उन्होंने कहा कि करनाल शहर चंडीगढ़ - दिल्ली के बीचों बीच नेशनल हाईवे 44 पर स्थित है सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है, इसे जल्द शुरू किया जाए।

▶▶ उन्होंने करनाल शहर की 26 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की मांग रखी।

▶▶ उन्होंने बताया कि करनाल शहर में एक फायर स्टेशन सैक्टर-4 में व एक फायर स्टेशन जुंडला गेट में कार्यरत है। सैक्टर-4 व जुंडला गेट से बाजार में भीड़ व वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण सैक्टर-12. कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज व लाईन पार ऐरिया में किसी भी आगजनी की घटना पर पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता है। करनाल शहर की आबादी 3.5 लाख है। नियमानुसार 60 हजार या 4-5 किलोमीटर रेडियस के ऐरिया में एक सब फायर स्टेशन होना अति आवश्यक है। सैक्टर-12 करनाल में लाईनचार ऐरिया कैथल रोड या काछवा रोड) तथा डॉक्टर-32-33 में एक-एक नये फायर स्टेशन स्थापित किये जाने उचित है। वर्तमान में करनाल शहर के दोनों फायर स्टेशनों पर अग्निशमन गाड़ियों की भी भारी कमी है। सैक्टर-32-33 में मॉर्डन फायर स्टेशन व सैक्टर-12 व लाईन पार ऐरिया (कैथल रोड या काछवा रोड) पर नए फायर स्टेशन स्थापित किए जाने उचित है तथा उन पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन गाडियां उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

▶▶ उन्होंने कहा कि शहर की सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा की दृष्टि के मध्यनजर रखते हुए जीटी रोड से नगला चौक तक मेरठ रोड पर सरकार द्वारा स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग रखी। साथ ही सैक्टर-6 चौक पर हैवी ट्रैफिक होने के कारण फ्लाईओवर का निर्माण भी प्रस्तावित है। जिसका निर्माण शीघ्र अति शीघ्र करवाने पर विचार किया जाए।

▶▶ उन्होंने कहा कि हरियाणा के विभिन्न विभागों में एचकेआरएनएल के माध्मय से नियुक्त जिन कर्मचारियों को 15 अगस्त 2024 तक सेवा काल 5 वर्ष पूरा हो चुका है। उन सभी कर्मचारियों को हरियाणा सरकार द्वारा 58 वर्ष तक की जॉब सुरक्षा की गारंटी दी गई है। आपसे अनुरोध है कि हरियाणा के विभिन्न विभागों में एचकेआरएनएल के माध्यम से नियुक्त जिन कर्मचारियों का 15 अगस्त 2024 तक सेवा काल 5 वर्ष पूरा नहीं हुआ है ऐसे कर्मचारियों को भविष्य में जिस भी तिथि को सेवा काल 5 वर्ष पूरा हो जाता है तो उन कर्मचारियों को भी उसी तिथि से 58 वर्ष की जॉब गारंटी प्रदान करने का नियम बनाया जाए।

▶▶ उन्होंने कहा कि करनाल के सैक्टर-9 ??? ????? को जाने वाली सडक पर अंडरपास बनाया जाने की मांग की क्योंकि यहां से रोजाना सैकडों लोग पार्क में सैर करने के लिए जाते हैं और उन्हें जीटी रोड पार करना पढ़ता है जिससे यहां हमेशा ही हादसों का खतरा बना रहता है।

▶▶ उन्होंने कहा कि करनाल के सैक्टर-6 से मेरठ चौक चौक के बीच फ्लाईओवर पर दोनों तरफ एंट्री और एग्जिट का निर्माण करवाया जाए क्योंकि करनाल के सैक्टर-12 में मिनी सचिवालय, जिला कोर्ट, निर्माणाधीन इलैक्ट्रिक बस स्टैंड एवं शहर के बीचों बीच बन रहे सिंगल पिलर फ्लाईओवर निर्माण के कारण सैक्टर-6 और सैक्टर-12 फ्लाईओवर के नीचे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसको उपरोक्त एंट्री-एग्जिट प्वाइंट बनाने से कम किया जा सकता है।

विधायक जगमोहन की इन समस्याओं के समाधान की रखी मांग

▶▶ धियक जगमोहन आनंद ने कहा कि जिला नागरिक अस्पताल जिस बिल्डिंग में स्थापित है यह बिल्डिंग कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज को स्थानांतरित हो चुकी है। करनाल जिला की आबादी/ऐरिया व मरीजों की संख्या को देखते हुये यह बिल्डिंग बहुत छोटी है। सरकार द्वारा सैक्टर-32 करनाल में जिला नागरिक अस्पताल करनाल की बिल्डिंग का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है, उन्होंने अनुरोध किया कि जनहित में सैक्टर-32 में उक्त बिल्डिंग का निर्माण शीघ्र अतिशीघ्र करवाया जाए। साथ ही जिला नागरिक अस्पताल में एंबुलेंस कर्मियों को देखते हुए एम्बुलेंस की संख्या भी बढ़ाने पर विचार किया जाए।

▶▶ उन्होंने कहा कि करनाल एयरपोर्ट के नवीनीकरण का निर्माणाधीन कार्य अभी तक लंबित है साथ ही रनवे एक्सटेंशन का कार्य भी अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया है, इसे जल्द शुरू किया जाए।

खबर संक्षेप

अवैध खनन में लिप्त वाहन किया जब्त

करनाल। जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया गया है। जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार एसआई बिजेंद्र व एचसी अशोक तथा खनन रक्षक रोहताश संयुक्त चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा, जोकि ट्रॉली बजरी से भरी हुई थी। जिसके दस्तावेज चेक करने पर चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ।

तीन दिवसीय विराट संत सम्मेलन 21 मार्च से

घरौंडा। सनातन धर्म मंदिर में 21 मार्च से तीन दिवसीय विराट संत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान सुदर्शन जुनेजा व मिडिया प्रभारी सन्नी बजाज ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर में होने वाला यह है सम्मेलन 72वां संत सम्मेलन है। 72 वर्षों से लगातार इस मंदिर मे संतों की याद में गुरुजन स्मृति समारोह आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 21 से 23 मार्च तक मंदिर में संत सम्मेलन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

रमेश व मीनू योग कक्षा के मॉनिटर नियुक्त किए

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क सेक्टर 12 करनाल में साधकों को योगाभ्यास करवाया। मिशन द्वारा संचालित सभी योग कक्षाओ में बड़ी संख्या में साधक योगाभ्यास कर रहे हैं। लोगों में योग द्वारा स्वस्थ होने को लेकर उत्साह देखने को मिला। जोश के साथ सभी ने योग प्राणायाम किया। मिशन के संस्थापक एवं कक्षा के मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क कक्षा में पुरुष वर्ग में रमेश चावला एवम् महिला वर्ग में मीनू सुखीजा को कक्षा का मॉनिटर नियुक्त किया गया।

डीएवी पीजी कॉलेज में रत्नावली युवा महोत्सव के तहत चार दिवसीय सांग महोत्सव का आयोजन

सांग महोत्सवों की बदौलत हरियाणवी संस्कृति और परम्पराएं जिंदा : रामपाल

छात्रों ने किया राजा हरिश्चंद्र के किस्से पर सांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- युवाओं को होनी चाहिए संस्कृति की जानकारी
- सांग से युवाओं को जोड़ना सराहनीय

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के निर्देशन में डीएवी पीजी कॉलेज में 10वें रत्नावली युवा महोत्सव के तहत चार दिवसीय सांग महोत्सव में आरकेएसडी कॉलेज कैथल की ओर से विद्यार्थियों ने राजा हरिश्चंद्र के किस्से पर सांग की प्रस्तुति दी।

इसमें सत्यवादी महादानी और धर्मपरायण राजा हरिश्चंद्र के सांग के माध्यम से सुनाया कि राजा हरिश्चंद्र ने विषम परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का साथ नहीं छोड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति एवं परंपराओं को युवाओं को समझना होगा ,उनके प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करने होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणवी संस्कृति में हमारे तीज त्यौहार, उत्सव, रीति रिवाज शामिल हैं। जिनका आज की पीढ़ी को पता होना चाहिए। तभी हम समाज में सांस्कृतिक परंपराओं जन-जन तक पहुंचा सकेंगे।

सभी का अभिनंदन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति देश का गौरव है। हरियाणा की बोली, रहन-सहन खान-पान और तीज त्यौहार अनोखे है। जो हमें प्रेरणा देते हैं।

सांग जैसे महोत्सव हरियाणवी संस्कृति और परम्पराओं को जिंदा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सांग महोत्सव में दादा लख्मी चंद कला विकास मंच के अध्यक्ष वशिष्ट अतिथि विरेन्द्र शर्मा ने कहा कि सांग जैसी परंपराओं से युवाओं को जोड़ने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने जैमल फत्ता किस्से की रागनी प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर समा बांध दिया। सांग महोत्सव में सभी अतिथियों को प्राचार्य ने फुलदान व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर वशिष्ट अतिथि डॉ राजबीर पराशर, डॉ अशोक अत्री,मास्टर रामस्वरूप, डॉ जयवीर, प्रेमचंद सरपंच, मास्टर रणबीर, राजबीर नौल्था, सभी स्टाफ सदस्यों सहित सांग प्रेमी व आस-पास के गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मिशन का उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना

करनाल। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा प्री ट्रेनिंग में चिड़ाव ब्लॉक के सरपंच ग्राम सचिव और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

इसमें सरपंचों ने सुझाव दिया कि गांव में खुले चलने वाले नलों पर टूंटी लगनी चाहिए इससे पानी का सही तरह से उपयोग किया जा सकता है यह कार्यक्रम कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर के दिशा निर्देशन में करवाया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमंडल अभियंता हरविंदर शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक पीने का पानी पहुंचाना है उन्होंने बताया कि गांव में जहां भी जरूरत हो वहां पर पेयजल की पाइपलाइन व गांव की आबादी के हिसाब से ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं।

'मन की उड़ान' का सम्मेलन

36 साहित्यकारों एवं रचनाकारों को बाल अधिकार साहित्य सम्मान -2025 से किया जाएगा सम्मानित

सामाजिक मुद्दों को लेकर करवाया जा रहा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मन की उड़ान साहित्यिक मंच करनाल हरियाणा एवं एम डी डी ऑफ इंडिया करनाल की ओर से 22 मार्च को बाल अधिकार साहित्य सम्मान -2025 एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।

मन की उड़ान साहित्यिक मंच के संस्थापक रामेश्वर देव ने बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली,उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल व हरियाणा के प्रबुद्ध साहित्यकार व रचनाकार हिस्सा लेंगे । यह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन बाल विवाह मुक्त भारत, बाल मजदूरी व बाल यौन शौषण जैसे गंभीर व सामाजिक मुद्दों को लेकर आयोजित करवाया जा रहा है । कार्यक्रम में 36 साहित्यकारों, रचनाकारों को बाल अधिकार साहित्य सम्मान-2025 से नवाजा जाएगा , जिनमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० अशोक भाटिया करनाल, डॉ एस के शर्मा करनाल,प्रेम पाल सागर कुंजपुरा, अंजू शर्मा करनाल, गुलज़ार जिगर देवबंद, इकबाल पानीपती,डॉ सत्यबीर सिंह निराला रोहतक, डॉ कमर रईस सोनीपत,ओम प्रकाश चौहान जींद, नरेंद्र अत्री जींद, सुशीला जांगड़ा जींद, डॉ० देवी राम शर्मा धारूहेड़ा,जय भारद्वाज तरावड़ी, पूनम गोयल करनाल,जितेन्द्र वशिष्ठ सोनीपत,सुबे सिंह सुजान कुरूक्षेत्र, सीमा रंगा इंद्रा दिल्ली,जिया हिंदवाल गीत उत्तराखंड, राधेश्याम भारतीय घरौंडा, अनुपेन्दर सिंह अनूप पानीपत, डॉ मुकेश अग्रवाल घरौंडा,जय सिंह जीत झज्जर, डॉ इन्दु शर्मा करनाल, दीपक वोहरा करनाल, रंजना डोगरा उत्तराखंड, दिलबाग अकेला कैथल, पवन शर्मा हिमाचल, सुषमा चौपड़ा व ममता प्रवीण करनाल, आशीष ताज नीलोखेड़ी, आदि शामिल हैं।

रचनाएं पुस्तक में शामिल होंगी

एमडीडी आफ इंडिया के कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह मान ने बताया की इस कार्यक्रम में शामिल साहित्यकारों व रचनाकारों की प्राप्त रचनाओं को आगामी समय में पुस्तक का रूप दिया जाएगा। मंच संस्थापक रामेश्वर देव ने बताया करनाल में आमंत्रित कर नवरचनाकारो को प्रेरणा देने का कार्य भी मंच लगातार कर रहा है।

घरौंडा क्षेत्र में एक माह में दूसरी बड़ी कार्रवाई की

डीटीपी ने 20 एकड़ में चार अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

- अराइनपुरा, पनौड़ी व कैमला रोड पर की कार्रवाई

क्षेत्र में कट रही अवैध कॉलोनीयों के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। घरौंडा क्षेत्र में डीटीपी विभाग की एक माह में दूसरी बड़ी कार्रवाई है।डीटीपी विभाग की टीम ने आज अराइनपुरा, पनौड़ी व कैमला रोड पर काटी जा रही करीब 20 एकड़ में चार कॉलोनीयों पर पीला पंजा चला कर बड़ी कार्रवाई की है।

डीटीपी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कॉलोनीयों को पनपने नहीं दिया जाएगा। मंगलवार को डीटीपी विभाग की टीम नगर पालिका व पुलिस प्रशासन पनौड़ी के समीप करीब 5-5 एकड़ में काटी जा रही दो अवैध कॉलोनीयों पर पहुंची। और जेसीबी के माध्यम से कॉलोनी में बनाई जा रही कच्ची सड़कों को उखाड़ फेंका।साथ ही एक कलोनी मे लगाए गए चार दीवारी(बाउंड्री) के स्लैब को भी तोड़ दिया।इसके बाद विभागीय अधिकारी कैमला रोड पर काटी जा रही एक बड़ी कॉलोनी पर भी कार्रवाई की। इस कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा कच्ची मिट्टी से सड़के बना दी गई थी। जिस पर पीला पंजा चला कर कच्ची सड़कों को खुद पुर्द कर दिया। डीपी विभाग की टीम ने करीब एक माह पूर्व भी इस कॉलोनी पर पीला पंचा चलाया था लेकिन उसके तुरंत बाद ही कलराइजर ने कच्ची सड़क को फिर से ठीक कर दिया था। बार बार कालोनी काटने व उनमे काम चलाने की चर्चा जोरो पर है! बता दे कि प्रशासन की अनदेखी के कारण घरौंडा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध कॉलोनी के काटे जाने का धंधा लगातार जारी है। कॉलोनाइजरों द्वारा पनौड़ी ,कैमला, व रेलवे फाटक पर इस प्रकार की कालोनियां काटी जा रही है। प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के डर से कॉलोनाइजरों ने अब इन कॉलोनी में प्लाट बेचने का तरीका भी बदल लिया है।

मेगा सब्जी एक्सपो 21 से 23 मार्च तक होगा

- मधुमक्खी पालन, आलू बीज पर जानकारी मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

हरियाणा उद्यान विभाग की ओर से सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में आगामी 21 से 23 मार्च तक 11वां मेगा सब्जी एक्सपो -2025 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा के उप निदेशक डॉ. बिल्लू यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में तीन दिवसीय 11वां मेगा सब्जी एक्सपो -2025 में सब्जी की फसलों मधुमक्खी पालन, आलू बीज उत्पादन पर तकनीकी जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसके अलावा इस 11वां मेगा सब्जी एक्सपो -2025 में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी तथा तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को 11वां मेगा सब्जी एक्सपो -2025 का उद्घाटन होगा, उद्घाटन अवसर पर प्रातः 9 बजे से किसानों का पंजीकरण शुरू हो जाएगा, यह पंजीकरण तीनो दिन जारी रहेगा। इन तीन दिनों में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं किसानों व आए हुए अतिथियों को केंद्र का भ्रमण भी करवाया जाएगा। 11वां मेगा सब्जी एक्सपो -2025 में उत्कृष्ट बागवानी पुरस्कार दिया जाएगा तथा बागवानी पर सेमिनार एवं प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस मेगा सब्जी एक्सपो में 200 से ज्यादा बागवानी से जुड़ी कंपनियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और 22 एकड़ में फैले केंद्र पर बागवानी तकनीको का प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि इस मेगा सब्जी एक्सपो में बंपर पुरस्कार भी दिए जाएगें। इनमें प्रतिदिन तीन मिनी ट्रैक्टर, 3 पॉवर वीडर और 30 मशीनरी यंत्र शामिल है।

बाल भवन में डे केयर सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, ब्यूटी पार्लर का दौरा किया

महिला सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित सरकार : सुमन

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष ने कार्यप्रणाली को सराहा

डेयर केयर सेंटर में एक बच्ची के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटा

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने आज यहां बाल भवन में चलाये जा रहे डे केयर सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, पार्लर, फैशन डिजाइनिंग सेंटर का दौरा किया और इनकी कार्यप्रणाली को सराहा।

प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों से बातचीत की। डेयर केयर सेंटर में एक बच्ची के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक काटा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिये दृढ़ संकल्प है। बाल भवन पहुंचने पर सुमन सैनी का भाजपा से जुड़ी महिला पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने पुनः मेयर पद बनने पर रेनू बाला गुप्ता और प्रवीण लाठर को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में परिषद उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि उनकी योजना प्रदेश के हर बाल भवन का दौरा करने की है। यदि कहीं कोई कमी मिली तो उसे दूर किया जायेगा। खुशी है कि यहां के बाल भवन में चलाये जा रहे सभी प्रोजेक्ट्स में बढिया काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां की डिजिटल लाइब्रेरी से अध्ययन कर अनके युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं का पास किया है। युवाओं को अध्ययन के लिये मुफ्त पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। सिलाई सेंटर में भी जरूरतमंद युवतियों को मुफ्त सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है।

सुमन सैनी ने फैशन डिजाइनिंग सेंटर का दौरा कर वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियां से बातचीत की। डिजिटल लाइब्रेरी का दौरा कर वहां प्रदत्त की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

डे केयर सेंटर में एक बच्ची के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक काट बच्चों को खिलाया। इसके बाद वे भवन में चलाये जा रहे पार्लर पहुंची और वहां एक युवती ने उनके हाथ पर मेहंदी लगाई।

ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना कंबोज, महामंत्री रजनी शर्मा व सुमित्रा परोचा, वरिष्ठॉ भाजपा नेत्री संतोष अत्रेजा, मेघा भंडारी, मंजू खैंची, उपाध्यक्ष ईलम सिंह, वरिष्ठॉ भाजपा नेता बृज गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी सुमन शर्मा के अलावा जिला बाल कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

चित्रकला प्रतियोगिता में देवव्रत प्रथम

पानीपत। आईबी कॉलेज में स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत नगर निगम के सहयोग से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा विषय पर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार देवव्रत, द्वितीय खुशी, तृतीय आशीष एवं मोनिका और सांत्वना पुरस्कार नितिन वर्मा व तन्नू को प्रदान किया गया। विजेताओं को नगर निगम के प्रतिनिधि सुनील, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान कॉलेज की स्वच्छ हरियाणा मिशन की नोडल अधिकारी सुश्री खुशबू ने पुरस्कृत किया।

शिविर में 80 व्यक्तियों की आंखों की जांच की

पानीपत। श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 80 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जबकि डा. प्रिंस ओर्थो मेडिसन ब्रांच अर्पणा अस्पताल मधुबन भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

आर्य समाज समारोह 23 मार्च को

पानीपत। आर्य केंद्रीय सभा पानीपत के तत्वावधान में आर्य समाज गांव बिंझौल का स्थापना दिवस एवं रामनवमी महोत्सव 23 मार्च को मनाया जा रहा है। जिसमें यज्ञ, भजन एवं प्रवचन होंगे। कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संजय शास्त्री व आर्य सुरेंद्र शर्मा होंगे। वेद प्रवचन आर्य जितेंद्र वैदिक प्रवक्ता दिल्ली, भजन उपदेशक भूपेंद्र आर्य मुजफ्फरनगर रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज बिंझौल के संरक्षक हरपाल आर्य करेंगे व ध्वजारोहण गांव के सरपंच प्रदीप कुमार करेंगे।

आर्य कॉलेज में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

पानीपत। हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल तथा आर्य कॉलेज पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च को आर्य कॉलेज में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कवि सम्मेलन में कवि महेंद्र अजनबी दीपक सैनी राजेश चेतन रजनी अवनी भाग लेंगे। जबकि डॉ. रामनिवास डॉ. मीनाक्षी चौधरी डॉ. नीलू खालसा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है।

दलितों को आर्थिक मदद दी

पानीपत। जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को विजलेंस एवं मॉनटरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति से जुड़ी समस्याओं पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया 13 सूत्रीय एजेंडे पर विचार विमर्श करते हुए कहा कि कुल 13 मामलों में से 10 मामलों में एफआईआर प्रकरण पर 6 लाख 32 हजार 500 रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ सुनील बस्ताड़ा, जिला कल्याण अधिकारी जयपान सिंह, जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह, प्राण रत्नाकर, ओमप्रकाश, सत्यप्रकाश वेद, अशोक कौशिक व संजय सिहाल आदि उपस्थित रहे।

पानीपत में सरसों की खरीद शुरू

पानीपत। पानीपत जिला में सरसों की आवक का कार्य प्रारंभ हो गया है। सरकारी एजेंसियों द्वारा सरसों की खरीद का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सभी मंडियों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाए उपलब्ध है। मंडियों में सरसों लेकर आ रहे किसानों की फसल का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। किसी भी मंडी में बारदाने की कमी नहीं होने दी जाएगी।

खनन के आरोपी पर जुर्माना

पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि किसी भी सुरत में जिले में अवैध खनन का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। इधर, जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि करीब सवा 11 बजे खोजकीपुर में एक रेत से भरी ट्राली की जांच की गई तो उनके पास बिल ना होने की स्थिति में ट्राली को सीज कर दिया गया।

अधिकारियों की निष्ठा से लोगों के जीवन में उजाले की किरण दिखती है

मेहनती अधिकारियों की जनता देती है मिसालः डॉ. वीरेंद्र दहिया

समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से नाराज ना करें

- अधिकारी अगर समस्या का समाधान नहीं कर सकते तो उसका कारण जरूर बताये

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आत्मविश्वास के साथ कार्य करना पड़ेगा। कोई भी कार्य ऐसा नहीं जिसमें आत्मविश्वास के अभाव में सफलता हासिल ना हो। खुद पर विश्वास करके हम बड़े से बड़ा कार्य कर सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से नाराज ना करें और उनकी समस्या का निश्चित समय अवधि में समाधान करें। यह समाधान शिविर आम जन के जीवन में प्रकाश पैदा करें उनकी समस्याओं का निदान हो इसका बस यही उद्देश्य है। वहीं, पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि ईमानदारी का गुण श्रेष्ठ गुण है। ईमानदारी से कार्य करने वाले हमेशा सफलता का चरम छूते हैं। मेहनती अधिकारियों की जनता मिसाल देती है। सभी थाना अध्यक्षों को यह गांठ बांध लेनी चाहिए कि ये समाधान शिविर जनता की समस्याओं का निदान करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें किसी भी प्रकार की देरी सहन नहीं की जायेगी। अधिकारी अगर समस्या का समाधान नहीं कर सकते तो उसका कारण जरूर बताये। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने भी जनसुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों की निष्ठा से लोगों के जीवन में उजाले की किरण दिखाई देने लगी है।

पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व एसपी लोकेंद्र सिंह जनसुनवाई करते हुए।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के प्रयास

टोल प्लाजा के पास बनेगा ऑटो मोबाइल मार्केट

- विधायक प्रमोद विज की मांग प्रदेश सरकार ने मंजूर की, शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

पानीपत शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु विधायक प्रमोद विज के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बजट सत्र के सातवें दिन विधायक ने विधान सभा के पटल पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु शहर में जगह-जगह खुले ऑटो मोबाइल दुकानों और रिपेयर वर्कशॉप को शहर से बाहर करने एवं सरकार के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में प्रश्न किया। जिस पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु निरन्तर कार्य कर रही है एवं ऑटो मोबाइल मार्केट को शहर से बाहर शीघ्र ही शिफ्ट किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि टोल के पास दिल्ली जाते हुए ट्रांसपोर्ट विभाग की वर्कशॉप है जहां पांच एकड़ जगह है। वहां शीघ्र ही ऑटोमोबाइल मार्केट बनाई जाएगी।

विधायक प्रमोद विज।

श्रमिक हित में आवाज उठाई

विधायक प्रमोद विज ने विधान सभा के पटल पर हरियाणा में विभिन्न विभागों में कॉन्ट्रैक्ट के तहत कार्यरत श्रमिकों के लिए हर महीने की सात तारीख को समय पर वेतन देने एवं पीएफ और ईएसआई जमा करवाने में श्रमिकों के प्रति ठेकेदारों द्वारा हो रहे शोषण पर लगाम लगाने के लिए बिल पास कर के कानून बनाने की मांग की।

जनहितैषी है नायब सरकार का बजटः सिंह

पानीपत। भाजपा सीएम प्रकोष्ठ के जिला पानीपत संयोजक रविन्द्र सिंह ने कहा कि हरियाणा का बजट में माननीय मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है। सीएम रविन्द्र सिंह ने कहा कि यह बजट हरियाणा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगा। जबकि हरियाणा में सरकार लगातार जन कल्याणकारी फ़ैसले ले रही। उन्होंने दावा किया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा दिए गए सभी सुझावों को बजट में शामिल करने का कार्य मुख्यमंत्री ने किया। इधर, सीएम प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सीए नितिन बंसल ने भी बजट का स्वागत किया और कहा मुख्यमंत्री ने हरियाणावासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य किया। वहीं, रविन्द्र सिंह ने कहा कि सीए प्रकोष्ठ इस बजट की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगा

सीए रविंद्र सिंह।

पाइट के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मेरिट में

हरिभूमि न्यूज >> समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी यानि पाइट के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में छा गए। बीबीए की छात्रा पलक दुआ ने केयू में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि पांचवें सेमेस्टर में आदिति गोयल ने पांचवां, अभिषेक कुमार ने आठवां और आदिति गर्ग ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शीतल ने 13वां, पलक गर्ग और नमिता कौशिक ने 14वां स्थान, हरलीन कौर ने 15वां और दिशा गर्ग ने 16वां स्थान हासिल किया। मेधावी विद्यार्थियों को पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार एवं बीबीए के विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, प्रीति दहिया, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. शची, डॉ. तनु, राजेश, सृष्टि ने पुरस्कृत कर उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया।

पानीपत। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल के साथ मेधावी विद्यार्थी।

पीआरपीसी ने छात्राओं को साइकिल वितरण की

- इस वित वर्ष 2024-25 में 900 स्कूली छात्राओं को 48 लाख रुपये के बजट से साइकिल वितरण की योजना है

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव आसन कलां की छात्राओं को साइकिल वितरण की। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा इसके पहले ददलाना गांव की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरण की गई थी। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) थे। इस अवसर पर ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीआरपीसी, तथा विवेक नारायण, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीआरपीसी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अनीता बटला, प्रधानाचार्य, जोगिंदर, सरपंच, गांव आसन कलां आदि उपस्थित रहे। वहीं, पीआरपीसी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत इस वित वर्ष 2024-25 में 900 स्कूली छात्राओं को 48 लाख रुपये के बजट से साइकिल वितरण की योजना है। वहीं इस योजना पर तेजी से कार्य भी जारी है।

पानीपत। रिफाइनरी के अधिकारी छात्राओं के साइकिल भेंट करते हुए।

शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कारी भी बनाएं : डॉ. राजीव

- स्कूल के प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

पीसीसी एकेडमी के निदेशक डॉ.राजीव परुथी ने गांव सिवाह स्थित आईएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य ने राजीव परुथी का स्वागत किया। स्कूल के प्रांगण में मंच पर बच्चों ने जमकर भारतीय संस्कृति को दिखाने का काम किया गया। वहीं कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा व गांव के सरपंच रणदीप कादियान ने भी शिरकत की एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। राजीव परुथी ने कहा यह हरियाणा का एकमात्र ऐसा स्कूल देखा है जहां पर संस्कार एवं भारतीय संस्कृति को जोड़ने के कार्य पर ध्यान दिया जाता है। वहीं, बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने अंदर बदलाव लाने की जरूरत है। शिक्षक अकेला कुछ नहीं कर सकता जब तक अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान नहीं रखता। इस मौके पर कुशल मित्तल व दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

पानीपत। आईएवी स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि राजीव परुथी को सम्मानित करते चौ .रणदीप कादियान। फोटो :हरिभूमि

सरकार के फैसले की घोर निंदा

ब्राहमण समाज के गायक का शोषण बंद हो : शर्मा

हरिभूमि न्यूज >> समालखा

भगवान परशुराम छात्र युवा संगठन के पदाधिकारियों की बैठक समालखा की हथवाला रोड पर हुई। जिसमें हरियाणा के मशहूर सिंगर मासूम शर्मा के गाने हरियाणा सरकार के द्वारा डिलिट कर दिए गए है। जिससे संगठन में रोष है। संगठन के जिलाध्यक्ष शंकर शर्मा नामुंडा ने सरकार के इस फसले की घोर निंदा करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर काका, कुलदीप, लालु, रवि पंडित, अंकित नारायणा, सोनू किवाना, विकास चुलकाना, योगेश शिमला गुजरान, रोहित शर्मा पट्टीकल्याणा, सुमित पावटी, प्रदीप खेलीला, विकास सहरावत करहंस, संदीप भापरा, अनिल भापरा आदि उपस्थित रहे।

पानीपत। भगवान परशुराम छात्र युवा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

ब्राहमण समाज एकजुट हैः सतीश

- ब्राहमण समाज छतीस बिरादरी के साथ चलते हुए देश, समाज, मानवता की सेवा में जुटा हुआ है

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

हरियाणा सरकार के मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व वयोवृद्ध विधायक रामकुमार गौतम के बीच चले वाक युद्ध पर ब्राहमण समाज के प्रबुद्ध लोगों ने दुख जताया है। वहीं, सतीश शर्मा डाहर, प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, हरियाणा, सुरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान ब्राह्मण सभा, नरेन्द्र शर्मा उग्रा खेड़ी, उपेन्द्र वत्स, बबलू शर्मा सिवाह, माइकल शर्मा, पवन शर्मा नारा, मोहन सुभाष शर्मा, दिनेश शर्मा नारा, दयानंद शर्मा, मुकेश शर्मा बैसरी, मीना सरपंच लुहारी, राजेश भारद्वाज, संदीप कौशिक, महाबीर शर्मा उग्राखेड़ी ने कहा कि हालांकि अब मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व रामकुमार गौतम ने आपस में हुई बहस पर सफाई दी और एक दूसरे का सम्मान करने की बात कही है। इधर, दो ब्राहमण नेताओं के बीच तनातनी का कुछ लोग फायदा उठाने की फिराक में है। वहीं ब्राहमण समाज एकजुट है और छतीस बिरादरी के साथ चलते हुए देश, समाज, मानवता की सेवा में जुटा हुआ है।

पानीपत। ब्राहमण समाज के प्रबुद्ध नागरिकगण। फोटो : हरिभूमि

एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थियों को देश समाज की निष्काम सेवा करनी चाहिएः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की एनएसएस इकाई द्वारा 9 से 15 मार्च तक विद्यार्थियों के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज, कैथल एवं डीएन कॉलेज, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया।

वहीं एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने बताया कि पोइट्री एवं स्लोगन राइटिंग में बीकॉम तृतीत वर्ष से शिवम, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा अंशिता, मंशा, संजना, ईशा, नैना ने पोस्टर मैकिंग एवं डांस प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष से राधे श्याम ने, पोइट्री एवं पोस्टर मैकिंग में बीकॉम द्वितीय वर्ष से रितिक ने, पोइट्री एवं डांस में बीकॉम तृतीत वर्ष से विषान्त ने साथ ही स्लोगन राइटिंग में बीसीए तृतीय वर्ष से सुमित पाठक ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और शिविर में प्रशिक्षण हासिल किया। इधर, आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थियों को देश, समाज व मानवता की निष्काम सेवा करनी चाहिए।

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

कार्यक्रम | दो दिवसीय वार्षिक होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

शोभायात्रा में जगह-जगह भक्तों को महाकाली के भव्य स्वरूप के दर्शन हुए व आशीर्वाद मिला

- रात्रि में डांडिया नृत्य व श्री महाकाली जी का भव्य स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत

ऊं गुरू शरणम द्वारा दो दिवसीय वार्षिक होली महोत्सव का तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में धूमधाम के साथ संत श्री आनंद प्रकाश महाराज की अध्यक्षता में मनाया गया। वार्षिक होली महोत्सव के प्रथम दिन महाकाली पालकी शोभायात्रा कोहण्ड स्थित महाकाली श्री दुःख भंजन दरबार से चलकर हुडा सेक्टर 13 के वृन्दा एन्क्लेव के भागवत पार्क तीन में पहुंची। जहां पालकी शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं शाम को शोभायात्रा भागवत पार्क से चलकर तहसील कैंप स्थित दुःख भंजन दरबार पहुंची। जहां रात्रि में डांडिया नृत्य व श्री महाकाली जी का भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद लंगर लगाया जाएगा। मंच संचालन वेद बांगा, अनिल शर्मा व उंमग आहूजा ने किया। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन ध्वजारोहण सेवा, ज्योत प्रज्जवलित सेवा, पालकी दर्शन सेवा, शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जबकि भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान शोभायात्रा में जगह-जगह भक्तों को महाकाली के भव्य स्वरूप के दर्शन हुए व आशीर्वाद मिला। वहीं संत श्री गाडू लाल जी 108 महंत गोस्वामी वेद प्रकाश जी महाराज, श्री 1008 ब्रह्म महंत श्रीनाथ जी महाराज व संत श्री आनंद प्रकाश जी महाराज का भी आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर लवली सचदेवा परिवार, विक्की शर्मा, धीरेन्द्र गोयल, संदीप गुप्ता, संजय कोचर, डा.अतुल गर्ग, पंकज, पवन, नरेश मोंगिया, अमित, विशाल, महक दिवान व कुसुम शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पानीपत। ऊं गुरु शरण की शोभायात्रा में भाग लेत श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

दिव्यांग महिला लापता

पानीपत। पानीपत के गांव अहर से 25 वर्षीय दिव्यांग महिला 17 मार्च की दोपहर से लापता है। परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थान पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पति शैलेंद्र की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने महिला की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

यज्ञ से शुद्ध होता है वातावरण

पानीपत। आईबी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो.डॉ.अंजलि ने विधि विधान के साथ मंत्रों उच्चारण द्वारा यज्ञ किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने बताया की यज्ञ से वातावरण शुद्ध तो होता ही है नकारात्मक शक्तियां भी दूर भागती हैं। उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.खुशबू, डॉ.पूनम ने हवन में अपनी आहुति डाली।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

राज कुमार सपुत्र श्री कश्मीरी लाल निवासी मकान नम्बर 874, वार्ड नम्बर 11, कुटानी चुंगी पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है राज कुमार सपुत्र श्री कश्मीरी लाल निवासी मकान नम्बर 874, वार्ड नम्बर 11, कुटानी चुंगी पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है, जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक जमना देवी धर्मपत्नी श्री कश्मीरी लाल की मृत्यु दिनांक 04/04/2009 को हो गई थी। मृतक स्व. जमना देवी धर्मपत्नी श्री कश्मीरी लाल के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैः- 1. राज कुमार सपुत्र 2. सचिन उर्फ सोनू सपुत्र 3. ज्योति सपुत्री ही वारिस है। यह कि सचिन उर्फ सोनू का स्वर्गवास दिंनाक 07/03/2008 को हो चुका है जो कि अविवाहित था। यह कि उपर दर्शाये गये वारसानो के मृतक स्व. जमना देवी धर्मपत्नी श्री कश्मीरी लाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही है, जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है तथा चंचल सहगल पार्षद वार्ड नम्बर 8, व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारिस की तसदीक की है, इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. जमना देवी धर्मपत्नी श्री कश्मीरी लाल के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 7 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

न्यायालय तहसीलदार -कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

सरबजीत पत्नी श्री सुभाष चन्द निवासी मकान न0 453-एल मॉडल टाउन, पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सरबजीत पत्नी श्री सुभाष चन्द निवासी मकान न0 453-एल मॉडल टाउन, पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. इन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 13.12.1990 को मृत्यु हो चुकी है। मृतक स्व. इन्द्र सिंह की मृत्यु के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैः- 1. पार्वती (मृतक पत्नी) 2. राजपाल (मृतक पुत्र) 3. धर्मपाल (पुत्र) 4. जसपाल (पुत्र) के ही जायज वारिस है व वारिस न. 1. पार्वती (मृतक पत्नी) अरसा पहले देहान्त हो चुका है व वारिस न. 2. राजपाल (मृतक पुत्र) का देहान्त दिनांक 19.01.2007 को हो चुका है। वारिस न. 2. राजपाल के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस है 1. तृप्ता (पत्नी) 2. सुभाष (पुत्र) 3. सुनीता (पुत्री) के जायज वारिस है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है 20 के पार्षद लोकेश नाँगरू व पति राजपुतान के पटवारी रामनिवास ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. इन्द्र सिंह का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. इन्द्र सिंह के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

खबर संक्षेप

समाधान शिविर प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित

नारायणगढ़। उपायुक्त अजय सिंह तोमर 20 मार्च को एसडीएम कांप्लेक्स के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या रख सकता है।

समाधान शिविर में चार फरियादी पहुंचे

नारायणगढ़। उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में बीडीपीओ जोगेश कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी। विभिन्न विभागों से सम्बंधित 4 समस्याएं आई।

बजट में हर वर्ग के हितों का ख्यालः सारवान

बराड़ा। पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किया गया बजट हर वर्ग के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और पशुपालकों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। सारवान ने बताया कि भाजपा सरकार की 'लाडो लक्ष्मी योजना' से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होगी। इस योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

बराड़ा ट्रेक्टर-ट्रॉली व जेसीबी की जब्त

बराड़ा। अवैध खनन पर नकेल कसने के दृष्टिगत खनन विभाग, इंफोर्समेंट टीम व जिला पुलिस सहित अन्य विभागों की टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य करते हुए ध खनन की गतिविधियों में जो भी संलिप्तता पाई जाती है उसके खिलाफ नियमानुसार तुरंत कार्रवाई अमल में ला रही है। इसी कड़ी में डीएसपी इंफोर्समेंट की अध्यक्षता में हरड़ा के साथ लगती मारकंडा नदी से अवैध खनन करती एक जेसीबी मशीन तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त करने का काम किया गया हैं।

सीएससी सेंटर करें आवेदन चेक

अंबाला। जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने बताया कि जिले के डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र योजना वर्ष 2024-25 के छात्र जिन्होंने 1 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक saral-haryana.gov.in के माध्यम से छात्रवृति के लिए आवेदन किए थे उनमें से जिन छात्रों के आवेदनों को सैंड बैंक किया गया है।

संरक्षित विरासत स्थलों पर आयोजित होगी प्रदर्शनी

अंबाला। अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, चंडीगढ और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च, 2025 को प्रातः10 बजे हरियाणा राज्य के संरक्षित विरासत स्थलों से संबंधित एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों के मध्य अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है।

अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

अंबाला। जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला छावनी के गांव बोह में लगभग 2 एकड़ अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में बने सडक़ों के जाल को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान (ड्यूटी मजिस्ट्रेट) तथा रविंद्र कुमार (क्षेत्रानवेशक) के साथ भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री असीम ने जो ठाना उसे कर दिखाया

अंबाला। शहर के लिए बजट में आईएमटी की हुई घोषणा को लेकर डिप्टी मेयर राजेश ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा इसका श्रेय पूर्व मंत्री असीम गोयल को जाता है। जिन्होंने इस मांग को प्रमुखता के साथ उठाया और इलाके का भला सोचा। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इसके लिए भरसक प्रयास किए।

ब्रह्माकुमारीज शांतिधाम की ओर से वशिष्ठ नगर में कार्यक्रम आयोजित

अपने दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें अर्थात दिमाग को ठंडा रखें और मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें अर्थात जुबान को मीठा रखें

दिल में लव फैक्ट्री खोलें अर्थात दिल में सबके प्रति प्रेम की भावना रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम दयाल बाग द्वारा वशिष्ट नगर में शांत मन खुशनुमः जीवन विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहा की आप अपने दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें अर्थात दिमाग को ठंडा रखें। मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें अर्थात जबान को मीठा रखें। दिल में लव फैक्ट्री खोल अर्थात दिल में सबके प्रति प्रेम की भावना रखें। आगे उन्होंने कहा कि अध्यात्म भी मनुष्यों को शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। हम केवल बाहरी सुरक्षा की बात नहीं करते लेकिन आत्मा के जो शत्रु है, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, आलस, बदले की भावना इन सबको भी खत्म करने की विधि बताते कहा, मेडिटेशन इसकी सबसे सुंदर विधि है। हम कितने भी बिजी हो लेकिन अपने मन को इजी रख सकते हैं। मेडिटेशन में भी हम सीखते है कि कैसे कर्म करते हुए कुछ पल परमात्मा की स्मृति में रहने का अभ्यास करें।

खास बातें

- काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, आलस, बदले की भावना इन सबको भी खत्म करने की विधि बताते कहा, मेडिटेशन इसकी सबसे सुंदर विधि

कार्यक्रम के दौरान मंचासीन बीके बहनें।

दिव्यता की अनुभूति

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि हमारे जीवन के चार मुख्य आधार हैं, तन मन धन और हमारे संबंध। इन चारों को स्वस्थ, साफ, जिम्मेवार, ईमानदार रखना बहुत आवश्यक है इसलिए हम सभी को कुछ समय निकाल करके खुली हवा में सैर भी करना चाहिए। समय पर भोजन भी करना चाहिए। हमें अपनी दिनचर्या ऐसी बनानी है जिसमें इन चारों आधारों पर हम बराबर अटेंशन दे सके। धन भी कमाए लेकिन साथ-साथ परिवार को भी खुश रखें साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तनाव से मुक्त होने का एक फार्मूला है जितनी हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है, उतना ही हमें दिव्यता की अनुभूति होती है।

ये मौजूद रहे

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने कहा की दुनिया में केवल एक परमात्मा ही है जो हमारी मदद के लिए किसी भी समय और किसी भी स्थान पर तुरंत ही पहुंच सकता है। वो सर्वशक्तिमान है। सीनियर एडवोकेट कमलेश गुप्ता ने कहा कि भगवान इस धरा पर आ चुके हैं जो उसकी पहचान कर अपना मन बुद्धि उसमें लगाएगा वह 21 जन्मों के लिए अपना भाग्य सर्व श्रेष्ठ बना लेगा। इस दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बीके ब्रह्मदत्त, बीके सुदेश, बीके सुरिंद्रा, बीके अमरजीत व अन्य जन उपस्थित रहे। मीना माता ने मंच संचालन किया।

सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं करेंगी संचालन

दस रुपये में मिलेगा शुद्ध भोजन, अटल किसान-मजदूर कैंटीन का किया शुभारंभ

अनाजमंडी में कैंटीन का संचालन होने से किसान, मजदूर व दूसरे लोगों को मिलेगा सस्ता व शुद्ध भोजन

अंबाला। कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की मुलाकात करते पूर्व विधायक पवन सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अनाज मंडी में मंगलवार को अटल किसान मजूदर कैंटीन का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा किया गया। यह कैंटीन हरियाणा राज्य कृषि विपण मण्डल के सहयोग से खोली गई है। इस कैंटीन में 10 रुपए में शुद्ध खाना मिलेगा।

कैंटीन का संचालन महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 15 रूपये की सब्सिडी दी जाएगी। डॉ. पवन सैनी ने कैंटीन का संचालन करने वाली सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिला सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा तैयार किए गए खाने को चख कर भी देखा। पूर्व विधायक ने कहा कि इससे मंडी में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों, मजदूरों तथा आढतियों सहित अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीजन के दौरान जब किसान अपनी उपज बेचने मंडी में आते हैं तो कई बार उन्हें काफी देर तक रूकना पड़ता है। ऐसे में उनके सामने खाने की समस्या आ जाती है। यह कैंटीन खुलने से उन्हें मात्र 10 रूपये में भरपेट भोजन मिल पाएगा। मंडी से बाहर जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

सैनी ने कहा कि लाडवा में तो उन्होने पहले ही इस प्रकार की कैंटीन खुलवाई हुई है जिसका लाभ किसानों, मजदूरों तथा आढतियों के अलावा अन्य लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों व मजदूरों के लिए लगातार काम कर रही है।

एक सप्ताह की ट्रेनिग दिलवाई

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि इस कैंटीन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। कैंटीन के खुलने से किसानों, आढतियों, मजदूरों तथा अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अटल किसान मजूदर कैंटीन सुचारू रूप से चले इसके लिए कमेटी द्वारा सुविधाएं तथा व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कैंटीन में खाना मिलेगा। कैंटीन में खाना खाने के लिए व्यक्ति को पहले 10 रूपये देकर टोकन लेना होगा। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर गुलशन कुमार ने बताया कि अटल किसान मजदूर कैंटीन का संचालन संगम और सवेरा कलस्टर से जुड़ी सेल्फ हेल्प ग्रुप की 6 महिला सदस्य सीमा, कमलेश, आंचल, मिथलेश, रानी तथा पूजा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंटीन का संचालन करने वाली महिलाओं ने पहले इन्स्टीयूट ऑफ होटल मैजेमेंट भंभोली (यमुनानगर) से एक सप्ताह की ट्रेनिग दिलवाई गई है।

अटल कैंटीन खुलने से आय में वृद्धि होगी

अटल कैंटीन में खाना तैयार करने वाली सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य सीमा, कमलेश, आंचल, मिथलेश, रानी तथा पूजा ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन खुलने से उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहेगा कि यहां खाना पूरी तरह से शुद्ध तरीके से तैयार हो स्वादिष्ट हो। उन्होंने अटल किसान मजूदर कैंटीन खोलने पर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान योगेंद्र मोहन शर्मा ने अटल कैंटीन खोलने का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पंकज सैनी, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मवीर चाणसौली, राकेश बिंदल, आढती मदन चानना, ओपी चानना, देवेंद्र सैनी, अश्वनी अग्रवाल, संदीप चौधरी, हरपाल सिंह, राजीव सैनी तथा भाजपा नेता नीटू खानपुर, रामबीर प्रजापत, पम्मी जटवाड व नपा सदस्य जशन भी मौजूद रहे।

कबीर नगर में सात लाख की लागत से बनेगी सड़क

- महिला मोर्चा की महामंत्री अंजली ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

अंबाला। इंटरलॉकिंग सड़क का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते महिला नेत्री अंजली वर्मा व अन्य।

अंबाला। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के निर्देश पर मंगलवार को वार्ड नंबर 9 के कबीर नगर में 7 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क व नाली के कार्य का शुभारंभ महेश नगर मंडल महिला मोर्चा की महामंत्री अंजली वर्मा ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य जसबीर सिंह जस्सी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, महेश नगर मंडल की उपाध्यक्ष एवं नप सदस्य रेनू चौहान ,महेश नगर मंडल के सचिव वीके वैद,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव जैन, महेश नगर मंडल महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष नेहा पुरी, पूर्व जोन प्रमुख सुरेंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष स खूबबढ़ सिंह , विकास के कार्यों को देख रहे बुथ अध्यक्ष सतनाम सिंह सैनी, मुन्ना सिंह, सुनील कुमार, कमलेश, गुड्डी पवार जानकी रावत ,सरोज लता मीनाक्षी पूनम गोयल व गुलशन कुमार, ब्रह्म प्रकाश, महेंद्र धीमान मौजूद रहे।

गांव नन्यौला से चंडीगढ़ तक फिर शुरू होगी एसी बस सेवा

- संचालन के बाद काफी समय से बंद पड़ी थी सेवा, सेवा शुरू होने से यात्रियों को होगा लाभ

अंबाला। पिछले काफी समय से बंद पड़ी नन्यौला चंडीगढ़ वातानुकूलित बस सेवा का दोबारा से संचालन शुरू कर दिया है। बता दें कि नन्यौला पूर्व मंत्री असीम गोयल का पैतृक गांव है। इस बस के चलने से लोगों ने राहत मिलेगी। चंडीगढ़, पानीपत और अंबाला के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पांच महीने से यह वातानुकूलित बस बंद पड़ी थी। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वापसी में इस बस को नन्यौला में रात्रि ठहराव किया गया है। नन्यौला से रोजाना यह वातानुकूलित बस सुबह छह बजकर 40 मिनट पर यात्रियों को लेकर चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। चंडीगढ़ पहुंचने के बाद यह बस कुछ समय के लिए ठहराव करेगी। इसके बाद यह बस चंडीगढ़ बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर पानीपत के लिए संचालन करेगी और अंबाला, करनाल होते हुए पानीपत पहुंचेगी। इसके बाद वापसी में यह बस पानीपत से अंबाला आएगी और नन्यौला में रात्रि ठहराव करेगी।

शिविर में 200 छात्रों ने लिया हिस्सा

- पुलिस डीएवी स्कूल में फाइनल परीक्षा खत्म होने के बाद शुरू हुआ चरित्र निर्माण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए फाइनल एग्जाम समाप्त होने पर निशुल्क 8 दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ किया गया है। यह चरित्र निर्माण शिविर 18 से 25 मार्च तक चलेगा। चरित्र निर्माण शिविर में 200 छात्र-छात्राएं भाग ले रहें है। बच्चों के लिए बॉक्सिंग , स्केटिंग, क्रिकेट, योग, वुशु, टेनिस, कंप्यूटर, कैरम बोर्ड विभिन्न गतिविधियां हैं जिनमें वे भाग ले रहे है। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित अध्यापकों व कोच द्वारा करवाई जा रही है। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि परीक्षाओं के बाद सत्र समाप्त होने पर बच्चों की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को उजागर करने के लिए इस शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। इसमें बच्चों को जीवन मूल्यों व खेलों से अवगत करवाया जाता है। बच्चे अपनी मनपसंद गतिविधियों में भाग लेकर छुट्टियों का मज़ा भी लेते हैं। बच्चों को इसके ज़रिये अपना हुनर व क्षमता दिखाने का मौका मिलता है। इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाती है।

बजट मजदूरों-जनता के साथ धोखाः सेठी

नारायणगढ़। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के नेता सतीश सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट में प्रति व्यक्ति आय को 1,47, 382 से बढ़ाकर 3,53,182 रुपए बताया गया है। लेकिन राज्य में लाखों मजदूरों व ठेका कर्मचारियों समेत आशा, मिड डे मील,आंगनवाड़ी, क्रेच वर्कर्स को क्या मिल रहा है ? यह भी बताना चाहिए था। मुख्यमंत्री को यह भी आंकड़ा देना चाहिए कि प्रतिव्यक्ति आय में ऊपर के 2 से 3 प्रतिशत की कितनी आमदनी है। क्योंकि लाखों की संख्या की मजदूर आबादी की आमदन 5 से 10 हजार रुपए महीना भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में यह तो बताया गया कि 2014-2015 में राज्य में न्यूनतम वेतन करीब 8 हजार रुपए था।

मुख्यमंत्री का जताया आभार

- जिलाध्यक्ष-बोले औद्योगिक क्रांति के साथ विकास के खुलेंगे नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सीएम नायब सैनी व पूर्व मंत्री का आभार जताते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए की गई घोषणा को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल,सीएम नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया है। मनदीप राणा ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बात करते कहा कि /"अंबाला शहर निश्चित ही आईएमटी के माध्यम से महानगरों की श्रेणी में आएगा और भविष्य में यहां व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकाल के पहले ही बजट में अंबाला शहर के लिए ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने का प्रावधान रखा है। यह घोषणा अंबाला में व्यापार और उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगी। क्योंकि आईएमटी के निर्माण से न केवल व्यापार बल्कि इलाके में रोज़गार को भी बढ़ावा मिलेगा। राणा ने जानकारी दी कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे पूर्व मंत्री असीम गोयल की कई वर्षों की मेहनत और अंबाला को विकास के पथ पर आगे लेकर जाने की असीम सोच है। उन्होंने यहां औद्योगिक विकास को गति देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से इस विषय पर चर्चा की थी।

विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर डिग्री लेकर किया रैंप वॉक

बराड़ा। शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में मंगलवार को 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई देना व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मास्टर बृजमोहन, पुष्पा और ब्रह्म कुमारी दीदी सविता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। इसके बाद शैम प्रेप सीनियर के विद्यार्थियों ने मनमोहक वेलकम डांस प्रस्तुत किया। समारोह में यक्षित धीमान, गुरसीरत पाहवा और अवनूर कौर ने 'थैंक यू स्पीच' देकर अपने अनुभव सांझा किए। विद्यार्थियों ने बैंड की मधुर धुन के साथ हाथ में डिग्री लेकर रैंप वॉक किया और स्टेज पर पहुंचकर अपने माता-पिता, मुख्य अतिथियों, स्कूल की मदर पुष्पा देवी, चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा से आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम सेफ सिटी टू नारायणगढ़ की ओर से छात्रों को किया जागरुक

छात्राओं को महिला हेल्पलाइन के साथ दुर्गा शक्ति के बारे में दी जानकारी

छात्राओं को इन तकनीकों से अवगत करवाने के लिए पुलिस का धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पुलिस की ओर से सेफ सिटी टू नारायणगढ़ टीम द्वारा आईटीआई होली में विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया। इस टीम का नेतृत्व कर रही हैड कांस्टेबल अंजू सैनी ने हेल्पलाइन नंबर 112, दुर्गा शक्ति, पॉक्सों एक्ट तथा महिला सुरक्षा के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होने साइब्रर क्राइम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पॉक्सों एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार से सैक्सुअल शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। इस कानून के माध्यम से नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीडऩ, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों को रोकने के लिए किया गया है। इस कानून के द्वारा अलग-अलग अपराधों के लिए अलग सजा का प्रावधान है।

अंबाला। छात्रों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

आईटीआई के शिक्षकों ने भी भाग लिया

कांस्टेबल प्रियंका ने 112 हेल्पलाइन नंबर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सेवा 24&7 उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सहायता तुरंत प्राप्त की जा सकती है। छात्राएं लाइव डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बताया गया कि कैसे वे इन सेवाओं का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। इस कार्यक्रम में स्कूल और आईटीआई के शिक्षकों ने भी भाग लिया और छात्राओं को इन तकनीकों से अवगत कराने के लिए पुलिस का धन्यवाद किया। पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। पुलिस विभाग आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि समाज में महिला सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।